Australian Government

COVID-19 VACCINATION

मेरे आवासीय वृद्ध देखभाल कार्य-नियोक्ता मुझसे यह क्यों पूछ रहे हैं कि क्या मैंने COVID-19 का टीका लगवा लिया है?

4 जून 2021 तक वर्तमान सूचना

COVID-19 से सुरक्षित रहने का सबसे प्रभावी तरीका टीकाकरण है। समुदाय में रहने वाले वयोवृद्ध ऑस्ट्रेलियावासियों और उनके देखभालकर्ताओं को सुरक्षित रखना एक प्राथमिकता है।

यही कारण है कि सरकारों और आवासीय वृद्ध देखभाल प्रदाताओं के लिए इस बात को समझना महत्वपूर्ण है कि कितने वयोवृद्ध देखभालकर्मियों को COVID-19 से सुरक्षा के लिए टीका लगा दिया गया है। यह जानकारी COVID-19 के प्रकोप के लिए तैयारी और नियोजन करने के भाग के रूप में वयोवृद्ध ऑस्ट्रेलियावासियों और उनके देखभालकर्मियों के लिए उपस्थित खतरों को समझने में सहायता देती है।

यदि आपके समुदाय में COVID-19 का प्रकोप है तो टीकाकृत किए गए कर्मियों की संख्या ज्ञात होना महत्वपूर्ण होगा, ताकि उन लोगों के लिए सुरक्षात्मक उपाय लागू किए जा सकें जिन्हें अभी तक टीका नहीं लगाया गया है।

ऑस्ट्रेलियाई प्रतिरक्षण रजिस्टर (Australian Immunisation Register) में सभी लोगों के टीकाकरण इतिहास को रिकॉर्ड किया जाता है। लेकिन इसमें आपके द्वारा किए जाने वाले कार्य या आपके कार्य-नियोक्ता के बारे में जानकारी शामिल नहीं होती है।

इस उद्देश्य के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार आवासीय वृद्ध देखभाल सेवाओं के अनुमोदित प्रदाताओं तथा गृह-आधारित और सामुदायिक वृद्ध देखभाल सेवाओं के लिए एक नया रिपोर्टिंग टूल शुरू कर रही है। यह अब प्रदाताओं द्वारा स्वैच्छिक आधार पर उपयोग किए जाने के लिए My Aged Care के माध्यम से उपलब्ध है।

आरंभ में रिपोर्टिंग करना स्वैच्छिक है, किंतु अनुमोदित प्रदाताओं को अब निम्नलिखित आकड़ों की साप्ताहिक रूप से रिपोर्टिंग शुरू करने के लिए पुरजोर प्रोत्साहित किया जाता है:

- प्रत्येक आवासीय वृद्ध देखभाल सेवा में कर्मियों की कुल संख्या
- प्रत्येक सेवा में ऐसे कर्मियों की कुल संख्या, जिन्हें COVID-19 टीके की एक खुराक प्राप्त हो गई है
- प्रत्येक सेवा में ऐसे कर्मियों की कुल संख्या, जिन्हें COVID-19 टीके की सभी आवश्यक खुराकें प्राप्त हो गई हैं।

15 जून 2021 से आवासीय वृद्ध देखभाल सेवाओं के अनुमोदित प्रदाताओं के लिए रिपोर्टिंग करना एक औपचारिक आवश्यकता बन जाएगी। आने वाले सप्ताहों में गृह-आधारित और सामुदायिक वृद्ध देखभाल प्रदाताओं के लिए यह एक औपचारिक आवश्यकता बन जाएगी।

इससे मुझ पर कैसे प्रभाव पड़ेगा?

आपका कार्यस्थल आपके साथ इस बारे में चर्चा करेगा कि वे सुविधा में ऐसे कर्मियों की कुल संख्या के बारे में जानकारी को कैसे एकत्र और रिपोर्ट करेंगे, जिन्हें COVID-19 टीके की एक खुराक या COVID-19 टीके की सभी आवश्यक खुराकें प्राप्त हो गई हैं।

आपके लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि COVID-19 का टीकाकरण कराना स्वैच्छिक है। टीका लगवाने या न लगवाने का विकल्प आपका निर्णय है। यह आपके ऊपर निर्भर करता है कि आप अपने कार्य-नियोक्ता को बताएँ कि आपने COVID-19 टीका लगवाया है या नहीं। आपके लिए इस जानकारी को एकत्र किए जाने का कारण समझना भी महत्वपूर्ण है - आप उन लोगों की रक्षा कर रहे/रही हैं जिनकी आप देखभाल करते/करती हैं।

मेरा कार्यस्थल कौन सी जानकारी को एकत्र और रिपोर्ट कर सकता है?

आकड़ों का संग्रह बहुत कुछ उस तरह से किया जाएगा, जैसे वर्तमान में आपके कार्य-नियोक्ता इंफ्लुएँज़ा के प्रति टीकाकृत कर्मियों की संख्या के बारे में जानकारी को रिकॉर्ड करते हैं।

आपका कार्यस्थल स्वास्थ्य विभाग को निम्नलिखित जानकारी प्रदान करेगा:

- प्रत्येक आवासीय वृद्ध देखभाल सेवा में कर्मियों की कुल संख्या
- प्रत्येक सेवा में ऐसे कर्मियों की कुल संख्या, जिन्हें COVID-19 टीके की एक खुराक प्राप्त हो गई है
- प्रत्येक सेवा में ऐसे कर्मियों की कुल संख्या, जिन्हें COVID-19 टीके की सभी आवश्यक खुराकें प्राप्त हो गई हैं।

आपके कार्यस्थल द्वारा रिपोर्ट की गई जानकारी से किसी भी व्यक्ति की पहचान स्थापित नहीं की जा सकेगी।

आपके कार्यस्थल द्वारा रिपोर्ट की गई जानकारी से किसी भी व्यक्ति की पहचान स्थापित नहीं की जा सकेगी। रिपोर्टिंग में स्वयंसेवकों सहित ऐसे सभी कर्मी शामिल होंगे, जो आवासीय वृद्ध देखभाल सुविधा में निवासियों के लिए देखभाल, समर्थन और सेवाओं, तथा रख-रखाव और प्रशासन के लिए जिम्मेदार हैं। इसमें नर्सिंग और व्यक्तिगत देखभाल कर्मी, सहायक स्वास्थ्य पेशेवर, प्रशासन कर्मी, किचन, साफ-सफाई, लॉन्ड्री और बगीचे के कर्मी शामिल हैं।

क्या मुझे अपने कार्य-नियोक्ता को यह बताना आवश्यक है कि मुझे COVID-19 का टीका लगाया गया है या नहीं?

नहीं। यह आका विकल्प है, लेकिन आपकी सेवा में COVID-19 की तैयारी और नियोजन के हिस्से के रूप में आपको अपने कार्य-नियोक्ता के साथ इस जानकारी को साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

आपके कार्य-नियोक्ता से यह आशा की जाती है कि वे आपके साथ सम्मानपूर्वक बातचीत करके:

- आपको समझाएँ कि वे कर्मियों के COVID-19 टीकाकरण के बारे में जानकारी क्यों माँग रहे हैं
- सुनिश्चित करें कि आप इस बात को समझते/समझती हैं कि COVID-19 का टीका प्राप्त करना आपका विकल्प है
- सुनिश्चित करें कि आप इस बात को समझते हैं कि आपकी गोपनीयता सुरक्षित रहेगी, और
- सुनिश्चित करें कि आप यह जानकारी प्रदान न करने के अपने अधिकार के बारे में जानते/जानती हैं।

यदि मैं अपने कार्य-नियोक्ता के साथ इस जानकारी को साझा करने के लिए तैयार हूँ, तो क्या मुझे अपने COVID-19 टीकाकरण का कोई प्रमाण दिखाने की आवश्यकता होगी?

नहीं। यह आपके ऊपर निर्भर करता है। यदि आप इस जानकारी को उनके साथ साझा करने के/की इच्छुक हैं, तो आपका कार्य-नियोक्ता आपके साथ इस बारे में चर्चा करेगा कि वे आपके COVID-19 टीकाकरण को कैसे रिकॉर्ड करेंगे। जो कर्मी तैयार हैं, वे अपने कार्य-नियोक्ता को इनमें से कोई प्रमाण प्रदान कर सकते/सकती हैं:

- टीकाकरण प्रमाणन या टीका-प्रदाता से प्राप्त हुआ कोई साक्ष्य, या
- प्रतिरक्षण इतिहास बयान (immunisation history statement), जो आपके मेडिकेयर ऑनलाइन खाते या एक्सप्रेस प्लस मेडिकेयर (Express Plus Medicare) मोबाइल ऐप के माध्यम से आपको सुलभ है।

आप ये उपलब्ध कराने के बारे में भी सोच सकते/सकती हैं:

- एक हस्ताक्षरित घोषणा, या
- स्वास्थ्य व्यवसायी की ओर से रिकॉर्ड।

COVID-19 टीकाकरण प्राप्त करने का निर्णय लेने में सहायता के लिए मुझे जानकारी कहाँ से मिल सकती है?

आपकी सुविधा को COVID-19 टीकाकरण के बारे में निर्णय लेने तथा कर्मीगण टीका कहाँ प्राप्त कर सकते हैं, इसके बारे में कर्मियों को समर्थन देने के लिए अनेकानेक प्रकार की जानकारी और सामग्री प्राप्त हुई है। इसमें 19 भाषाओं में अनुवादित की गई जानकारी भी शामिल है। आपको यह जानकारी वेबसाइट health.gov.au पर भी मिल सकती है। COVID-19 टीकों के बारे में, टीकाकरण महत्वपूर्ण क्यों है और टीके कैसे प्राप्त किए जा सकते हैं, इसके बारे में भरोसेमंद और विश्वसनीय जानकारी का उपयोग करना महत्वपूर्ण है।

और अधिक जानकारी के लिए कृपया स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें:
ईमेलः AgedCareCOVIDLiaison@health.gov.au या सलाह और समर्थन के लिए अपने संघ से संपर्क करें।